उनवानी प्रकरणः– सरकार बनाम तुलसीराम

मु.न.:– .....71.. / 2025   कि0मु0:– प्रार्थना पत्र   धारा 136 एल.आर. एक्ट

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय निशियल्स जज	नम्बर व तारीख
29/8/25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी तुलसीराम पुत्र भैरू जाति जाट निवासी जाखोदा के द्वारा प्रार्थना पत्र पेश किया गया है कि प्रार्थी ग्राम जाखोदा के खाता संख्या 43 द्वारा रिकार्डेड खातेदार काश्त कार है जिसमें प्रार्थी का नाम तुडस्या पुत्र भैरू के स्थान पर सही नाम तुलसीराम पुत्र भैरू शुद्ध किये जाने का निवेदन किया गया। जिसकी जांच तहसीलदार खण्डार द्वारा करवाये जाने पर तहसीलदार खण्डार से प्राप्त जांच रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी का सही नाम तुलसीराम पुत्र भैरू है जिसे दुरूस्त किये जाने की अभिशंषा की गई। पत्रावली पर उपलब्ध दस्ताबेजो एवं तहसीलदार खण्डार के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। जिसमें प्रार्थी का सही नाम तुलसीराम पुत्र भैरू होना अंकित है। प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम जाखोदा के खाता संख्या 43 में तुडस्या पुत्र भैरू के स्थान पर सही नाम तुलसीराम पुत्र भैरू शुद्ध किया जाता है। तहसीलदार खण्डार को आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्त किया जावें। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों। **उपखण्ड अधिकारी** **खण्डार (स० मा०)**	

Signature Not Verified

Digitally signed by Jyotsna Khera
Date: 2025.09.08 12:00:51 IST
Reason: SelfAttested